**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–07 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता देने के लिये केन्द्र सरकार की नई पहल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने दी पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की धान खरीद प्रक्रिया की समीक्षा। खरीद के अड़तालीस घंटे के भीतर किसानों का भुगतान सुनिश्चित करने के दिये निर्देश।
- दीपावली के बाद छठ पूजा पर यात्रियों के लिये जारी है स्पेशल ट्रेनों का संचलन। आज भी चलायी जायेंगी एक सौ चौंसठ स्पेशल ट्रेनें।
- लोक आस्था के महापर्व छठ पर आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर मंगल कामना करेंगे श्रद्धालु। कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगी व्रत की पूर्णाहुति।
- छठ महापर्व पर आकाशवाणी के लखनऊ केन्द्र से आज शाम चार से पांच बजे तक होगा विशेष कार्यक्रम का प्रसारण।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता देने के लिए पीएम–विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी गई है। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना के तहत छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बिना किसी जमानत के ऋण प्राप्त कर सकेंगे।

***फैमिली की फाइनेंशियल कंडीशन के कारण बहुत होनहार बच्चे कई बार हायर एजुकेशन से वंचित रह जाते है। इसीलिए ये एक बहुत इम्पोर्टेन्ट फैसला लिया गया। आज की किसी भी बच्चे को किसी भी यंग स्टूडेंट को अगर क्वालिटी हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन में एडमिशन मिलता है और उसे फाइनान्सेस की जरूरत है तो पी एम विद्यालक्ष्मी के अंतर्गत एक बहुत सिंपल ट्रांसपेरेंट मेथड से कोलैटरल फ्री गारंटर फ्री और 8,00,000 से कम इनकम की फैमिली है। अगर तो उनको एक अच्छे इन्ट्रेस्ट सबवेंशन के साथ 10,00,000 तक का लोन बहुत ही कन्वीनियेंट तरीके से मिलेगा।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा सुलभ कराने के लिये पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धान खरीद प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ संचालित करने के निर्देश दिये हैं। कल लखनऊ में धान खरीद की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि सरकार के लिये किसानों का हित सर्वोपरि है। धान खरीद में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि धान खारीदने के अड़तालीस घंटे के भीतर किसानों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने धान क्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने, पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाओं का ध्यान रखने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने पात्र परिवारों को राशन उपलब्ध कराने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।

**********

बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर पन्द्रह से बीस नवम्बर तक लखनऊ के संगीत नाटक अकादमी में जनजाति भागीदारी उत्सव का आयोजन होगा। समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉक्टर हरिओम ने बताया कि उत्सव में 22 राज्यों के साथ ही दो देशों की टीमें भी हिस्सा लेंगी।

***15 नवंबर से ले के 20 नवंबर तक जनजातीय गौरव दिवस के रूप में संगीत नाटक अकादमी में समारोह आयोजित करेंगे और इसमें 22 राज्यों से जनजातीय कलाकारों के आने की हमको सहमति प्राप्त हो गई है और इसके साथ साथ इस स्कूल की इंटरनेशनल डायमेंशन भी हम दे रहे हैं। जिसमें स्लोवाकिया और वियतनाम दो देशों के भी ट्राइबल ग्रुप्स जो आर्टिस्ट ग्रुप हैं, उनको हम इस समारोह में शामिल करेंगे। इसके साथ ही साथ सभी जनपदों में भी आयोजन होंगे। स्कूलों में बच्चों के बीच में भगवान बिरसा मुंडा की अपनी जो जीवन कहानी है, उसके बारे में चर्चा करेंगे। जगह जगह जो जनजातीय जीवन है, जो जनजाति विकास के कार्यक्रम है, उन पर परिचिर्चा होगी।***

**********

दीपावली और छठ जैसे त्योहारों पर दिल्ली, पंजाब, महाराष्ट्र और गुजरात आदि राज्यों में रहने वाले लोगों को घर पहुंचाने के लिये एक अक्टूबर से पांच नवम्बर तक भारतीय रेलवे द्वारा चार हजार पांच सौ से अधिक पूजा स्पेशल ट्रेनें चलायी गयी हैं। इन ट्रेनों से अब तक करीब साढ़े सात करोड़ लोगों ने यात्रा की है। कल भारतीय रेलवे ने एक सौ चौंसठ स्पेशल ट्रेनें चलायी। आज भी इतनी ही संख्या में स्पेशल ट्रेनें चलायी जायेंगी। इनमें से ज्यादातर ट्रेनें पूर्वोत्तर रेलवे के रूट से चलेंगी जबकि चौंतीस गाड़ियाँ उत्तर मध्य रेलवे परिक्षेत्र से गुजरेंगी। उल्लेखनीय है कि रेलवे बोर्ड ने एक अक्टूबर से तीस नवम्बर तक भारतीय रेलवे स्तर पर पर सात हजार छः सौ छाछठ स्पेशल ट्रेनों के संचलन की घोषणा की है। रेलवे स्टेशनों पर छठ महापर्व के बाद यात्रियों की वापसी के लिये भी अभी से तैयारी पूरी कर ली गयी है। पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर जंक्शन पर यात्रियों की सुविधा के लिये सभी प्रमुख गेटों पर अस्थायी पांच टेंट लगाये गये हैं।

**********

भगवान सूर्य की उपासना का महापर्व आज परम्परागत रूप से आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जायेगा। व्रती निर्जल व्रत रहेंगे और अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर मंगल कामना करेंगे। कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ व्रत की पूर्णाहुति होगी। छठ महापर्व को लेकर पूर्वांचल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में छठ घाटों पर वेदियां सज चुकी हैं। छठ पूजा को लेकर वाराणसी, गोरखपुर, कुशीनगर, चन्दौली, देवरिया और महराजगंज सहित कई जिलों में देर शाम तक बाजारों में चहल–पहल बनी रही। छठ पूजा को लेकर हमारे बलिया प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***बलिया जिले में सूर्य उपासना का महापर्व छठ धूमधाम से मनाया जा रहा है। गंगा, घाघरा, और टोंस नदियों सहित सभी जलाशयों के किनारे साफ सफाई कर घाटो को सजाया गया है। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की कड़ी व्यवस्था की गई है। महिलाओं ने 36 घंटे का निर्जल व्रत रखकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देती है। यह व्रत अपने पति, पुत्र और परिवार कल्याण के लिये रखा जाता है। आज श्रद्धालु छठ गीत गाते हुए घाट पहुँचकर अर्घ्य अर्पित करेंगे। कल शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पूजा का समापन होगा।***

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को छठ महापर्व की बधाई दी है। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि छठ पर्व आत्म अनुशासन, समर्पण और श्रद्धा का प्रतीक है। छठ महापर्व में हमें एकता, भाईचारा और समृद्धि का संदेश मिलता है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि छठ लोक आस्था का एक प्रमुख पर्व है। इस पर्व में आत्मिक शुद्धि और निर्मल मन से अस्ताचल तथा उदीयमान भगवान सूर्य की उपासना की जाती है।

**********

लोक आस्था के महापर्व छठ पर आज शाम चार से पांच बजे तक आकाशवाणी के लखनऊ केन्द्र से विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जायेगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न केन्द्रों से छठ पूजा पर रिपोर्ट के साथ ही छठ माता की महिमा का शास्त्रीय वर्णन प्रस्तुत किया जायेगा। इस विशेष कार्यक्रम को एफ एम रेन्बो सौ दशमलव सात मेगा हॉर्ट्स और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी सुना जा सकेगा।

**********

वाराणसी में विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली का आयोजन पन्द्रह नवम्बर को होगा। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने बताया कि इसके अलावा बारह से चौदह नवम्बर तक गंगा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा।

**********

हरदोई जिले में कल एक ट्रक द्वारा एक ऑटो को टक्कर मार दिए जाने से छह महिलाओं और तीन बच्चों सहित कम से कम दस लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। हरदोई के एसपी नीरज जादौन के मुताबिक, हादसा हरदोई के रोशनपुर गांव में हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुर्घटना में लोगों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत पर शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया है और मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी घटना पर गहरा दुख जताते हुए अधिकारियों से घायलों को हरसंभव मदद मुहैया कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने राज्य सरकार की तरफ से भी हादसे में प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये देने की घोषणा की है।

**********